बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 364/ब.विवि./पी–एच.डी./अकादमी/2022 भोपाल, दिनांकः 6/5/2022

//अधिसूचना//

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि जिन अभ्यार्थियों ने पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा (DET-2022) उत्तीर्ण की है अथवा जिन्होंने पात्रतानुसार डी.ई.टी.,2022 की परीक्षा से छूट के लिये आवेदन किया था, उन सभी पात्र अभ्यार्थियों के लिए साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 19.05.2022 से 31.5.2022 को विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में आर.ए.सी. के समक्ष किया जाएगा। विषयवार समय सारणी पृथक से बरकतउल्ला की वेबसाइट पर अपलोड की जावेगी, सभी पात्र अभ्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अध्यादेश क्रमांक 11 की कंडिका 9(b)(संलग्न) का Interview में अक्षरशः पालन करें तथा साक्षात्कार के समय निम्नानुसार दस्तावेज/अभिलेख अनिवार्यतः प्रस्तुत करेंः–

1. समस्त अंकसूचियॉं एवं प्रमाण पत्रों के मूल दस्तावेजों का एक सेट छायाप्रति सहित सत्यापन हेतु साथ लाना अनिवार्य है ।
2. पहचान प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई.डी./पासपोर्ट/ड्राइविंग लाईसेंस/पैन कार्ड)
3. प्रवेश पत्र डी.ई.टी. 2022 अथवा अध्यादेश11 की कंडिका 5 (संलग्न) के अनुसार चाही गई छूट संबंधी दस्तावेज
4. जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्गो के अभ्यार्थियों के लिए)।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध डी.ई.टी. 2022 परीक्षा के परिणाम का प्रिंट आउट ।

शोध कार्य के प्रारंभिक शोध प्रस्ताव की पी.पी.टी. (सॉफ्ट एवं हार्डकापी के रूप में) विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध शोध निर्देशकों की सूची एवं शोध केन्द्र से अग्रेषित करा कर शोध निर्देशक की सहमति पत्र के साथ संलग्न करें तथा इसका प्रस्तुतिकरण (Presentation) आर.ए.सी. समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतू विद्यार्थी द्वारा स्वयं का लेपटाप एवं पैन ड्राईव' को साथ में लाना अनिवार्य होगा ।

शेष संबंधित जानकारी पृथक से विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर उपलब्ध होगी ।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्रमांकः 365/ब.विवि./पी–एच.डी./अकादमी/2022 भोपाल, दिनांकः 6/5/2022

प्रतिलिपिः–

1. समन्वयक, आर.ए.सी. एवं आर.ए.सी सदस्यों की ओर सूचनार्थ।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट की ओर अपलोड़ करने के आशय से प्रस्तुत।
3. उप-कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा) की ओर सूचनार्थ।
4. समस्त विभागध्यक्षों की ओर सूचनार्थ।
5. निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपतिजी के सूचनार्थ।
6. निज सहायक के माध्यम से कुलसचिवजी के सूचनार्थ।
7. नस्ती प्रति।

उप-कुलसचिव (अकादमी)